भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 2786
दिनांक 05.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

शौचालय निर्माण

2786. श्री बसंत कुमार पांडाः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 'स्वच्छ भारत शौचालय' योजना की शुरुआत के बाद ओडिशा राज्य में शौचालयों का निर्माण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो निर्मित शौचालयों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा आबंटित निधियों का पूरी तरह से उपयोग किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) और (ख) 'क्लीन इंडिया टॉयलेट' के नाम से कोई स्कीम नहीं चल रही है। तथापि, ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्य द्वारा सूचित आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 02.12.2019 की स्थिति के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] के अंतर्गत, ओडीशा में 68,36,650 वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय (आईएचएचएल) निर्मित किए गए हैं।

(ग) से (ड.) एसबीएम (जी) के अंतर्गत, भारत सरकार द्वारा ओडीशा सरकार को जारी निधियों और राज्य द्वारा प्रस्तुत उपयोग प्रमाण पत्र (यूसी)/अनंतिम यूसी के अनुसार, उन निधियों के उपयोग का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	**जारी निधियां**	**उपयोग की गई निधियां**
2014-15	65.84	83.77
2015-16	571.50	525.85
2016-17	863.65	839.84
2017-18	457.02	574.15
2018-19	1367.62	1066.79
2019-20	1021.16	616.11
कुल	**4346.79**	**3706.51**

वर्ष 2019-20 में जारी की गई निधियां में नवंबर, 2019 माह के तीसरे सप्ताह में जारी की गई 636.50 करोड़ रु. की राशि शामिल है।